भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3698 का उत्तर

रांची/हटिया में समाप्त होने वाली रेल सेवाओं का धनबाद तक विस्तार

3698. श्री दुलू महतो:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रांची/हटिया में समाप्त होने वाली रेल सेवाओं का धनबाद तक विस्तार करने के लिए स्व-प्रेरणा से कोई व्यवहार्यता अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि प्रस्तावित विस्तार से न केवल धनबाद बल्कि बोकारो स्टील सिटी को भी अतिरिक्त रेल सेवाएं उपलब्ध कराने से लाभ होगा; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त शहरों के लिए यात्री यातायात और अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं सहित इन विस्तारित सेवाओं की मांग का आकलन करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) भारतीय रेल पर रेलगाड़ी सेवाओं का विस्तार परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, संसाधन उपलब्धता आदि के अध्यधीन सतत् प्रक्रिया है।

रांची-बोकारो स्टील सिटी-धनबाद खंड की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 34 रेलगाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं। इसमें 16.08.2024 से शुरू की गई धनबाद के रास्ते 18119/18120 टाटानगर-जयनगर एक्सप्रेस शामिल है, जो बोकारो स्टील सिटी-धनबाद खंड में चलती है। इसके अलावा, यात्रियों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए त्योहारों, छुट्टियों आदि के दौरान उक्त खंड में 03 जोड़ी स्पेशल रेलगाड़ी सेवाएं भी परिचालित की जा रही हैं।

इसके अलावा, धनबाद में 142 रेल सेवाएं उपलब्ध हैं जो दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, सिकंदराबाद आदि जैसे महत्वपूर्ण स्थलों से सम्पर्कता प्रदान करती हैं।

*****